पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

गणतंत्र दिवस परिसमाप्ति समारोह सम्पन्न

लखनऊः 29 जनवरी, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव सहित पुलिस लाइन्स, लखनऊ में आयोजित गणतंत्र दिवस परिसमाप्ति समारोह (बीटिंग दि रिट्रीट) में शिरकत की। परिसमाप्ति समारोह के बाद राष्ट्रीय ध्वज को उतारकर लखनऊ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री राजेश पाण्डेय ने राज्यपाल को सौपा जिसे राज्यपाल ने सम्मानपूर्वक पुलिस महानिदेशक श्री जावीद अहमद को सौप दिया।

राज्यपाल ने इस अवसर पर गणतंत्र दिवस परेड में उत्कृष्ट मार्च पास्ट के लिए प्रथम पुरस्कार कुमाऊं रेजीमेंट तथा द्वितीय पुरस्कार आसाम रेजीमेंट को दिया। झाँकियों में प्रथम स्थान लखनऊ विकास प्राधिकरण, द्वितीय स्थान सूचना एवं जनसंपर्क विभाग तथा तृतीय स्थान यू0पी0 राजकीय निर्माण निगम को दिया गया। समारोह में विभिन्न विद्यालयों को भी सांस्कृतिक कार्यक्रम व अन्य प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया।

समारोह में पी0ए0सी0 एवं मिलिट्री के बैण्ड, पाइप्स एवं ड्रम्स बैण्ड द्वारा तेज चाल, धीमी चाल तथा देशभक्ति गीतों के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुति दी गयी।

अंजुम/ललित/राजभवन(36)